राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 29.06.2017

आयोग द्वारा **वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2016** के ऐच्छिक विषय **पंजाबी एवं उर्दू** की परीक्षाएं **दिनांक 07.07.2017** को प्रातः 09.00 बजे से 11.30 बजे तक एवं सायं 03.00 बजे से 05.30 बजे तक दो सत्रों में **ऑन लाईन** (कम्प्यूटर बेस्ड रिक्रूटमेन्ट टेस्ट) पद्धति से अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा के लिये ऐच्छिक विषय **पंजाबी एवं उर्दू** के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र आयोग के **वेब पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर अलग–अलग लिंक** से अपलोड कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) एवं जन्म दिनांक से डाउनलोड कर परीक्षा केन्द्र पर एक पासपोर्ट साईज फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र (Original Photo I.D. Card) अपने साथ अवश्य लेकर आवे अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। परीक्षा केन्द्र पर रिस्ट वॉच/मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिक सामग्री लेकर नहीं आवें।

(भगवत सिंह राठौड़)
उप सचिव